CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 100 □ रायपुर, सोमवार 4 मई 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

5 राज्यों का विधानसभा चुनाव 2026

# बंगाल में कमल का कमाल, केरल में यूडीएफ का जश्न, तमिलनाडु में विजय की आंधी, असम में भाजपा तय, पुदुचेरी में एनडीए आगे

**नई दिल्ली, 4 मई ( न्यूज चैनल )। देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना जारी है। रुझानों में बंगाल में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है, 197 सीटों पर आगे है। वहीं टीएमसी 100 के आंकड़े के नीचे आ गई है। केरल में यूडीएफ गठबंधन जीत की तरफ बढ़ रहा है। असम में भाजपा प्रचंड जीत की तरफ बढ़ रही है। तमिलनाडु की कुल 234 सीटों में से 109 सीटों पर आगे चल रही। पुदुचेरी में सीएम रंगास्वामी ने बड़ी बढ़त से जीत दर्ज की।**

## भाजपा नेताओं ने झालमुड़ी खाकर मनाया जश्न

भाजपा नेताओं ने पार्टी मुख्यालय में 'झालमुरी' और 'रसगुल्ले' वितरित कर जश्न मनाया। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को बीजेपी कार्यालय में बांटेंगे खुशियां। चुनाव आयोग के रुझानों के अनुसार, भाजपा बंगाल में 197 सीटों पर आगे है।

**असम की जोरहाट सीट से असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई की हार:** असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई जोरहाट सीट से हार गए हैं। उन्हें भाजपा के हितेंद्र नाथ गोस्वामी ने 23 हजार से ज्यादा वोटों से हराया।

**तमिलनाडु के नतीजों पर क्या बोलीं विजय की बहन:** तमिलनाडु की कुल 234 सीटों में से 109 सीटों पर आगे चल रही टीवीके के बारे में टीवीके चीफ विजय की बहन ने कहा, वे एक युवा और एनर्जेटिक इंसान हैं और तमिलनाडु में हर कोई उनसे सबसे बड़े बदलाव की उम्मीद कर रहा है और निश्चित रूप से हमें विश्वास है कि वे सभी में सबसे अच्छा कर सकते हैं... अपनी आखिरी स्पीच में, उन्होंने कहा कि लोग मुझ पर इतना विश्वास करते हैं... चुनाव से पहले वे जो बोलते हैं, वह निश्चित रूप से पक्का करेंगे कि वह हो... यह एक बहुत बड़ी जीत है।

**पुदुचेरी में सीएम रंगास्वामी ने बड़ी बढ़त से जीत दर्ज की:** पुदुचेरी विधानसभा चुनाव के नतीजों में कई सीटों पर दिलचस्प मुकाबले देखने को मिले हैं। ताजा परिणामों के अनुसार, थट्टांचावडी, एम्बालम और मन्नादीपेट सीटों पर बड़े अंतर से जीत दर्ज की गई है। थट्टांचावडी विधानसभा सीट (नंबर 9) पर मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी ने शानदार जीत हासिल की है। ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी) के उम्मीदवार रंगासामी को 10,024 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी ई. विनायगम (नेयम मक्कल कझगम) को 5,583 वोट मिले। इस तरह रंगासामी ने 4,441 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। एन. रंगास्वामी चार बार (2001-2006, 2006-2008, 2011-2016, और 2021 से अब तक) पुडुचेरी के मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

## आंकड़े दोपहर 2: 30 बजे तक

| तमिलनाडु (सीटें:234/बहुमत:118) | टीवीके | द्रमुक+ | अन्नाद्रमुक+ | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| | 112 | 57 | 65 | 00 |

| प. बंगाल (सीटें:294/बहुमत:148) | टीएमसी+ | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| | 91 | 197 | 01 | 05 |

| असम (सीटें:126 / बहुमत:64) | |
|---|---|
| भाजपा+ | 99 |
| कांग्रेस+ | 23 |
| एआईयूडीएफ | 02 |
| अन्य | 02 |

| केरल (सीटें:140 / बहुमत:71) | |
|---|---|
| एलडीएफ | 36 |
| यूडीएफ | 101 |
| भाजपा+ | 02 |
| अन्य | 00 |

| पुदुचेरी (सीटें:30 / बहुमत:16) | |
|---|---|
| भाजपा+ | 25 |
| कांग्रेस+ | 02 |
| टीवीके+ | 00 |
| अन्य | 03 |

## सीएम ममता बोलीं- मनमानी कर रहा चुनाव आयोग, डटे रहें टीएमसी कार्यकर्ता



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना के दौरान शुरुआती रुझानों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पिछड़ने और सत्ता से बेदखली के संकेतों के बीच पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने एक अहम बयान जारी किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर जारी वीडियो में उन्होंने पार्टी के चुनाव अभिकर्ताओं (एजेंट्स) और उम्मीदवारों को किसी भी हालत में मतगणना स्थल न छोड़ने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, उन्होंने चुनाव आयोग की भूमिका और केंद्रीय बलों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कई आरोप लगाए हैं। शुरुआती रुझानों के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी को मिल रही प्रचंड बहुमत और मतगणना के करीब छह घंटे बाद 190 से अधिक सीटों पर बढ़त को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में सीएम ममता बनर्जी ने कहा, ये अनुमानित स्थिति है।

## शिवराज सिंह बोले- यह बंगाल की नहीं, भारत की विजय



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मैं बचपन से भारतीय जनसंघ से जुड़ा था जिसकी स्थापना श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। हमेशा से इतना ही सवाल था कि बंगाल में कब सरकार बनेगी। बरसों की आस प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरी हुई है। उनका बलिदान सार्थक हुआ है। यह केवल बंगाल की विजय नहीं है। यह भारत की विजय है। बंगाल में जो हो रहा था, वह वोट बैंक की राजनीति के कारण हो रहा था। अवैध घुसपैठ ने बंगाल को तबाह कर दिया था। वहां अराजकता थी और इसकी जिम्मेदार वहां की सरकार टीएमसी थी।

## सीएम साय ने भाजपा की बढ़त पर जताई खुशी, कहा- जनता के विश्वास और भाजपा सरकार के कार्यों का परिणाम



**बलरामपुर, 4 मई ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार सुबह बलरामपुर भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सीएम साय ने पांच राज्यों के चुनावी रुझानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शुरुआती रुझान भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। यह जनता के विश्वास और भाजपा सरकार के कार्यों का परिणाम है। इसी के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल में भाजपा को बहुमत मिलने के रुझानों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया और संबंधित राज्यों के मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने आगे कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और जनकल्याण की राजनीति पर भरोसा जताया है। बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को बलरामपुर के प्रवास पर पहुंचे थे। रात्रि विश्राम के बाद सोमवार सुबह वह भाजपा कार्यालय पहुंचे।

## नदी में गिरी बेकाबू कार, शादी से लौट रहे 4 युवकों की मौत, 2 की हालत गंभीर



**कवर्धा, 4 मई ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. शादी कार्यक्रम से लौट रही कार बेकाबू होकर फोक नदी में जा गिरी. चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना पांडातराई थाना क्षेत्र अंतर्गत गड़ाई गांव के पास फोक नदी के पुल पर हुआ है। जानकारी के मुताबिक, रायपुर के बिरगांव क्षेत्र के निवासी कुछ युवक पंडरिया में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे. शादी की रस्में पूरी होने के बाद वे अपनी कार से रायपुर लौट रहे थे।

इस दौरान उनकी कार तेज रफ्तार में होने के कार गड़ई गांव के पास स्थित फोक नदी के पुल में अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई. कार में उस वक्त 6 लोग सवार थे, जिनमें से 4 की मौके पर ही मौत और 2 घायल हो गए हैं. मृतकों की पहचान अरमान खान, सौंफ, अनस और कौनेन के रूप में हुई है, जबकि घायल युवकों के नाम जुनैद रज़ा और आरजू खान बताए जा रहे हैं। घटना के बाद आस आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी. पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया. काफी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकालाकर तत्काल जिला अस्पताल रवाना किया गया. दोनों युवक को बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## जज सुसाइड केस में बड़ा एक्शनः पत्नी और आईएएस साली के खिलाफ एफआईआर



**नई दिल्ली, 4 मई ( न्यूज चैनल )।** राजधानी दिल्ली के सफदरजंग इलाके में जज अमन कुमार शर्मा की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने इस घटना को लेकर एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच तेज कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जज अमन कुमार शर्मा ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए हर पहलू से जांच की जा रही है।

## समर्पण के बाद खुल रहे नक्सलियों के राज जंगल से विस्फोटकों का जखीरा बरामद



**जगदलपुर, 4 मई ( हाईवे चैनल )।** दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बारसूर थाना क्षेत्र के तोडमा गांव के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों का छिपाया गया भारी विस्फोटक डंप बरामद किया गया। यह कार्रवाई सीआरपीएफ की 195वीं वाहिनी और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने खुफिया सूचना के आधार पर की।

सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन के दौरान जंगल में छिपाकर रखी गई विस्फोटक सामग्री और हथियारों का जखीरा बरामद हुआ, जिसमें इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, आईएनएसएएस और एसएलआर राउंड, ग्रेनेड से जुड़ा सामान, जिलेटिन, सेफ्टी फ्यूज वायर और संचार उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा एक भरमार राइफल, वायरलेस सेट, बैटरियां और नक्सली साहित्य भी जब्त किया गया है। यह कार्रवाई संकेत देती है कि समर्पण के बाद नक्सलियों के छिपे नेटवर्क और हथियार अब धीरे-धीरे सामने आ रहे हैं। ऑपरेशन के बाद सभी जवान सुरक्षित लौटे, वहीं बरामद सामग्री को लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## कवर्धा जिले के कुई-कुकदूर में अचानक उतरा सीएम साय का हेलिकॉप्टर, पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं



कवर्धा, 4 मई (हाईवे चैनल)। प्रदेशभर में आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सुशासन तिहार कार्यक्रम जारी है. अभियान के तहत मुख्यमंत्री साय लोगों के बीच पहुंचकर योजनाओं का फीडबैक ले रहे हैं. साथ ही फरियादों की समस्याओं को सुन रहे हैं. आज सीएम का हेलिकॉप्टर अचानक कवर्धा जिले के पंडरिया तहसील के कुई-कुकदूर में उतरा।

सीएम साय के आगमन पर स्थानीय विधायक भावना बोहरा समेत भाजपा नेताओं ने गमछा भेंटकर स्वागत किया. भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं. कलेक्टर, एसपी, डीएफओ सहित आला अधिकारी मौजूद है। मुख्यमंत्री सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के एक हितग्राही के घर पहुंचकर उनसे सीधा संवाद किया और योजनाओं की जमीनी स्थिति का फीडबैक लिया। इसके बाद वे कमराखोल गांव में आम के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधे चर्चा की। इस दौरान सीएम ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और प्रदेश व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## फायरिंग के दौरान रायफल चैंबर फटने से नगर सेना का जवान घायल



**धमतरी, 4 मई ( हाईवे चैनल )।** मरादेव (रुद्री)फायरिंग रेंज में सोमवार को नगर सेना के प्रशिक्षण के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। फायरिंग अभ्यास के दौरान अचानक राइफल का चैंबर फटने से एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रशिक्षण में शामिल अन्य जवानों में भी दहशत फैल गई। घायल जवान को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, नगरसेना छत्तीसगढ़ के जवान एक माह की ट्रेनिंग में धमतरी रुद्री पहुंचे हुए हैं। ट्रेनिंग के अंतिम दिन 4 मई की दोपहर फायरिंग के बाद एक जवान का पॉइंट 303 राइफल का चैंबर अचानक ब्लास्ट हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि राइफल के टूटे हुए पार्ट्स सीधे बाजू जवान के सिर के निचे जा लगा, जिससे वह लहूलुहान हो गया।साथी जवानों और अधिकारियों ने तुरंत घायल को संभाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।घायल जवान की चौबेलाल टंडन, निवासी बलोदा बाजार है।

**ट्रेनिंग में आया था जवान:** प्रशिक्षण प्रभारी डी आर बांधे,स्ढ़ ने बताया कि जवानों का प्रशिक्षण चल रहा है, जिसका सोमवार को अंतिम दिन था। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कुल 136 जवान शामिल आये हुए हैं। कमांडेंट संजय मिश्रा कमांडेंट प्रशिक्षण की निगरानी में धमतरी पहुंचे हुए थे। सोमवार 4 मई को ट्रेनिंग का अंतिम दिन था। जिसमें चौबे लाल टंडन भी शामिल था। 10 के ग्रुप में यह तीसरे नंबर पर खड़ा हुआ था। फायरिंग होने के बाद अचानक बाजू में खड़े जवान के रायफल के चेंबर फट गया, जिसका छोटा टुकड़ा चौबेलाल के सिर के नीचे में जा लगा। तुरंत उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। हो सकता है कि राइफल का पार्ट्स उसके सिर में फंसा हुआ होगा।

## बीजेपी की बढ़त के बाद रायपुर में जश्न का माहौल कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, बंटी मिठाइयां





**रायपुर, 4 मई ( हाईवे चैनल )।** पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी समेत पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों की मतगणना जारी है। शुरुआती रुझानों में भारतीय जनता पार्टी असम और पश्चिम बंगाल में मजबूत बढ़त बनाए हुए है। वहीं पुडुचेरी में भी एनडीए की वापसी के संकेत मिल रहे हैं। चुनावी रुझानों में बीजेपी की बढ़त के बीच राजधानी रायपुर स्थित जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में जश्न का माहौल देखने को मिल रहा है।

बता दें कि जैसे-जैसे चुनावी रुझानों में बीजेपी के पक्ष में बढ़त की खबरें सामने आईं, वैसे-वैसे एकात्म परिसर में कार्यकर्ताओं की भीड़ बढ़ती गई और जश्न का माहौल बन गया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता नारेबाजी कर रहे हैं और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी जाहिर कर रहे हैं। परिसर में लगातार आतिशबाजी भी की जा रही है।

## दिल्ली कांग्रेस में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल उपाध्यक्ष-महासचिवों की नियुक्ति को मंजूरी



**नई दिल्ली, 4 मई ( न्यूज चैनल )।** कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी दो अलग-अलग बयानों में बताया गया कि इन नियुक्तियों को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंजूरी दे दी है। पार्टी के मुताबिक, दिल्ली इकाई में उपाध्यक्षों और महासचिवों की नई नियुक्तियां की गई हैं। इसके साथ ही संगठन को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 31 सदस्यीय राजनीतिक मामलों की समिति का भी गठन किया गया है।

पार्टी ने 12 नेताओं को उपाध्यक्ष और 26 नेताओं को महासचिव नियुक्त किया है, वहीं राजनीतिक मामलों के लिए 31 सदस्यीय समिति का गठन भी किया गया है। पार्टी द्वारा उपाध्यक्ष बनाए गए नेताओं में सुरेंद्र कुमार, हरिशंकर गुप्ता, भीष्म शर्मा, सी.पी. मित्तल, कमलकांत शर्मा, जगजीवन शर्मा, आभा चौधरी, तस्वीर सोलंकी, मुदित अग्रवाल, लक्ष्मण रावत, अली मेहंदी और अब्दुल हन्नान शामिल हैं। इसके अलावा, कांग्रेस ने 26 नेताओं को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है, जो संगठन के विभिन्न स्तरों पर काम करेंगे और पार्टी की गतिविधियों को गति देंगे। वहीं, दिल्ली इकाई के लिए गठित 31 सदस्यीय राजनीतिक मामलों की समिति में कई वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। इनमें देवेंद्र यादव, अजय माकन, जेपी अग्रवाल, सुभाष चोपड़ा, अनिल चौधरी, संदीप दीक्षित, अलका लांबा, रमेश कुमार, उदित राज, राजेंद्र पाल गौतम, राजेश लिलोठिया, हारून यूसुफ, कृष्णा तीरथ और योगानंद शास्त्री जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

CMYK